## मुख्यमंत्री ने निर्माणाधीन शेरपुर-दिघवारा गंगा पुल का किया निरीक्षण

# बिहटा-सरमेरा पथ से जुड़ेगा शेरपुर-दिघवारा छह लेन पुल

संवाददाता, पटना

**मुख्यमंत्री** नीतीश कुमार ने अधिकारियों को निर्देश देते हुये कहा कि शेरपुर और दिघवारा के बीच बन रहे सिक्सलेन गंगा पुल का निर्माण कार्य तेजी से पूर्ण करें. इस सिक्सलेन पुल के नीचे से पटना छोर की तरफ जेपी गंगा पथ का भी निर्माण कराया जा रहा है. यह सिक्सलेन पुल बिहटा-सरमेरा पथ से भी जुड़ेगा. इस पुल का निर्माण पूरा होने से उत्तर बिहार और दक्षिण बिहार के बीच संपर्कता और सुगम होगी. साथ ही पटना के पश्चिमी छोर के लोगों को भी एक जगह से दूसरी जगह जाने में सहूलियत होगी. पटना रिंग रोड का हिस्सा होने के कारण लोगों को राजधानी की चारों दिशाओं में आना-जाना आसान होगा. मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने यह बातें बुधवार को निर्माणाधीन पुल का निरीक्षण करने के बाद कहीं. शेरपुर-दिघवारा पुल का निर्माण कार्य 2027 तक पूर्ण होने की संभावना है.



मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को निर्माण कार्य की प्रगति की जानकारी देते अधिकारी .

- **3200** करोड़ रुपये से बन रहा पुल
- **14.52** किलोमीटर है पुल की लंबाई
- **2027** तक पुल के बनने की संभावना

### पटना के रिंग रोड के रूप में काम करेगा पुल

निरीक्षण के दौरान मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने शेरपुर में स्थल निरीक्षण कर निर्माण कार्य के बारे में जानकारी ली . मुख्यमंत्री ने गंगा नदी में चल रहे पुल निर्माण कार्य का भी स्थल पर जाकर जायजा लिया . निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने मुख्यमंत्री को बताया कि एनएचएआइ द्वारा गंगा नदी पर 3200 करोड़ रुपये की लागत से सिक्सलेन गंगा पुल का निर्माण कराया जा रहा है . यह पुल पटना जिला के शेरपुर से सारण जिला के दिघवारा तक जाता है . इस पुल की लंबाई 14 .52 किमी है . यह पुल पटना शहर के रिंग रोड के रूप में भी काम करेगा .

### ये रहे मौजूद

निरीक्षण के दौरान मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव दीपक कुमार, मुख्यमंत्री के सचिव अनुपम कुमार, पथ निर्माण विभाग के सचिव संदीप कुमार आर पुदुकलकट्टी, पथ निर्माण विभाग के सचिव बी कार्तिकेय धनजी, मुख्यमंत्री के विशेष कार्य पदाधिकारी गोपाल सिंह सहित अन्य अधिकारीगण एवं अभियंतागण उपस्थित थे .